सांवरे की चौखट पे

चौखट तुम्हारी है कितनी प्यारी,
तुमने बदल दी किस्मत हमारी,
दर्शन से जीवन संवर जाता है,
सांवरे की चौखट पे, मेरा इक खाता है,
जो भी चाहा श्याम से मुझको, वो मिल जाता है॥

जीवन की बीमा तुमसे कराई,
साँसों की किश्तें पूरी भराई......-2
परिवार सुख से चल पाता है,
सांवरे की चौखट पे, मेरा इक खाता है,
जो भी चाहा श्याम से मुझको, वो मिल जाता है॥

जो प्यार मैंने तुमसे किया है,
वो व्याज के साथ तूने दिया है......-2
मेरा असल यूँ बढ़ जाता है,
सांवरे की चौखट पे, मेरा इक खाता है,
जो भी चाहा श्याम से मुझको, वो मिल जाता है॥

तुम संगी जीवन के मंज़िल तुम्ही हो,
हर पहलु मेरा हर पंथ तुम्ही हो......-2
गुण तेरे बाबा, सचिन गाता है,
सांवरे की चौखट पे, मेरा इक खाता है,
जो भी चाहा श्याम से मुझको, वो मिल जाता है......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24385/title/sanwre-ki-chaukhat-pe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |